# राजापार्क में एग्सप्लोर आउटलेट की हुई शुरुआत

जयपुर, (पंजाब केसरी): राजापार्क में बुधवार को मुम्बई बेस्ड एग्सप्लोर आउटलेट की लॉन्चिंग हुई। एग्सप्लोर के को-फाउंडर चन्द्रेश कोठारी ने बताया कि दरअसल यह एग्सप्लोर थीम्ड फास्ट फूड आउटलेट्स की शृंखला है, जो एग्स पसंद लोगों के लिए खासतौर से डिजाइन की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर के पहले एग्सप्लोर आउटलेट में करीब 80 वैरायटीज प्रॉपर हाइजनिक ढंग से उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है जिससे पूरा परिवार सेहदमंद बना रहे। एग्सप्लोर कूकिंग रेस्टोरेंट होने से यहां पूरी कूकिंग इंडक्शन पर होगी।



**एग खाने के खिलाफ नहीं हूं: एक्ट्रेस मानसी जैन**

सावधान इंडिया और क्राइम पेट्रोल फेम टीवी कलाकार मानसी जैन ने बताया कि वे खुद एग नहीं खाती हैं पर वे एग खाने के खिलाफ नहीं है। उन्होंने बताया कि जयपुर में पली-बड़ी हूं। यहां वरिष्ठ रंगकर्मी व नाट्य निर्देशक सरताज नारायण माथुर के निर्देशन में कई नाटक खेले हैं। जयपुर में ही अभिनय की शुरुआत हुई थी। दरअसल में फैशन डिजाइनर हूं, लेकिन मुम्बई जाकर एक्टर बन गई। मानसी ने बताया कि टीवी हो या बॉलीवुड फिल्में आखिरकर टैलेंट ही काम आता है।